Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 12-06-2023 | अंक 592

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात



**अपेम लाइव : लातेहार**

बालूमाथ/लातेहार : बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के झाबर पंचायत डेम्बू टोला में 13 हाथियों के झुण्ड ने रमेश टाना भगत के घर को ध्वस्त कर दिया और घर में रखे सारे अनाज को चट कर गया ।इसके अलावे खेत में लगे मक्के को भी पूरी तरह से बर्बाद कर दिया ।जानकारी मिलने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा व एसटी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ने घटनास्थल पर जाकर को रमेश टाना भगत को संतावना दिया और कहा कि हम सभी प्रशासन के सहयोग से आर्थिक सहायता दिलवाने का प्रयास करेंगे। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### बोलेरो और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत




**अपेम लाइव : लातेहार**

बालूमाथ/लातेहार : जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के मासीलांग गांव के निकट एक तेज रफ्तार बोलेरो की मोटरसाइकिल से सीधी टक्कर हो गई।इस टक्कर में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र के चेताग गांव निवासी नीतीश गंझू के रूप की गई । बताया जाता है कि हादसे के बाद बोलेरो मोटरसाइकिल को काफी दूर तक घिसटता रहा। इधर, घटना की सूचना मिलते पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर बाइक सवार तीनों युवकों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

### 40 वर्षीय महिला ने किया विषपान, रेफर



**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत मलकोको पंचायत के पडरिया निवासी मुनवा देवी उम्र 40 वर्ष पति टीकम रविदास ने विषपान कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सास – बहु के बीच कुछ बात को लेकर लड़ाई हुई थी, जिसको लेकर सास मनवा देवी ने विषपान कर लिया। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों एवं परिजनों के सहयोग से पीड़िता को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## बरही : वंदे भारत एक्सप्रेस का बरही में हुआ दीदार, लेकिन बरही में ठहराव नही होने से बरहीवासी मायूस





**अपेम लाइवः बरही**

महीनों इंतजार के बाद बरही रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह लगभग 10:30 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस का दीदार हुआ। जिसे देखने के लिए स्थानीय लोग घंटो से वंदे भारत एक्सप्रेस का दीदार का इंतजार करते हुए दिखे। बावजूद मौके पर मौजूद लोगों में मायूसी देखने को मिली। लोगों के मन में सिर्फ एक ही सवाल था की क्या हजारीबाग सांसद एवं बरही विधायक ने बरही रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव का मांग किया या फिर उन्होंने कभी प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया की देश के किसी भी कोने में जाने के लिए बरही से होकर जाना पड़ता है, बरही में बड़े मात्रा में औद्योगिक लगाए जा रहे है। जहां देश के सभी कोने से लोग काम करने आते है इसके बावजूद बरही बरही रेलवे स्टेशन में ठहराव नही देना समझ से परे है। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने लगभग दो माह पूर्व वंदे भारत एक्सप्रेस का बरही में ठहराव को लेकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन भी किए थे।

## बड़कागांव ट्रैक्टर यूनियन की बैठक बालू चालान जारी करने की मांग की गई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव : 10 जून को एनजीटी लागू होने के साथ बालू की समस्या को देखते हुए बड़कागांव ट्रैक्टर यूनियन ने प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव खेल मैदान में विशेष बैठक की। जिसकी अध्यक्षता ट्रैक्टर यूनियन के प्रखंड अध्यक्ष पंकज ठाकुर संचालन सचिव केदार साहू के द्वारा किया गया। नदियों से बालू का उठाव बंद होने एवं बालू परिवहन चालान जारी नहीं होने के कारण लोगों ने चर्चा की। इस दौरान सरकार से बालू का चालान जारी करने की मांग झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की गई है। ताकी बालू की कमी के कारण बंद पड़े गैर एवं सरकारी योजनाओं को गति दिया जा सके। वही इसका लाभ सैकड़ों बेरोजगार पड़े ट्रैक्टर चालकों एवं हजारों मजदूरों को हो ताकि वह अपने परिवार का जीविकापार्जन अच्छी तरह से कर सकें। ट्रैक्टर यूनियन के प्रखंड अध्यक्ष पंकज ठाकुर ने कहा कि स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को ट्रैक्टर लेने के लिए प्रेरित करते हैं वहीं दूसरी ओर ट्रैक्टर मालिक को चालान नहीं मिलने से गाड़ी चलाना मुश्किल हो चुका है वाहन की किश्ती जमा करना मुश्किल हो गया है। आगे कहां अधिकारियों के गलत नीतियों के कारण आम जनमानस को जीना मुश्किल लग रहा है। जिले भर में जितने भी विकास कार्य हो रहे थे बालू की किल्लत से थम चुकी है। अधूरे पड़े मकान कार्य रोकना पड़ रहा है । बड़े एवं पहुंच वाले लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता गरीब गुरबा मिडिल क्लास जो आवास निर्माण में लगे हैं उनके लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार कुछ ऐसी व्यवस्था करे की ट्रैक्टर मालिक एवं मजदूरों को भी जीने का रास्ता निकल सके। मौके पर अध्यक्ष पंकज ठाकुर ,उपाध्यक्ष रंजीत चौबे ,धर्मेंद्र प्रसाद सचिव केदार साव, कोषाध्यक्ष भीम महतो, कोर कमेटी सदस्य प्रकाश मेहता, कृष्णा महतो, ऋषि कुमार ,उदय मेहता मुरली महतो मोहम्मद मोहम्मद अजीम गुलशन कुमार संदीप मेहता ,पूरन साहू ,अर्जुन साहू, सिकंदर महतो,महेंद्र महतो ,नरेश महतो, दीपू महतो एवं अन्य उपस्थित थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## ट्रक ने कार में मारी टक्कर चालक घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**



चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहरा आश्रम के नजदीक हुई ट्रक और कार की टक्कर में कार चालक अभिषेक कुमार गुप्ता पिता विनोद कुमार गुप्ता उम्र 27 वर्ष पीपरा चौपारण निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक चौपारण से अपना घर वापस लौट रहे थे इसी क्रम बेहरा आश्रम के नजदीक पीछे से आ रही अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। वहीं इस दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## गंगा दशहरा कार्यक्रम पर एकल अभियान ने लिया जल संचयन एवं संग्रहण का संकल्प

### एकल अभियान बरही संच की ओर से सूर्य मंदिर नदी घाट पर गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन



गंगा माता का पूजन करती एकल आचार्या

**अपेम लाइव : बरही**

एकल अभियान हजारीबाग अंचल की ओर से बरही संच प्रभुख शीला देवी की अध्यक्षता में सूर्य मंदिर नदी घाट पर गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आरएसएस के बिहार झारखंड के सेवा सह प्रमुख त्रिवेणी साहू, हजारीबाग अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति एवं आरोग्य प्रभारी बरही संच राजदेव यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। सभी ने बारी बारी से गंगा आरती कर गंगा पूजन किया । गंगा माता की महिमा की गुणगान किया गया। इस अवसर पर त्रिवेणी साहू ने कहा की अपना शरीर पांच तत्वों से मिलकर बना है। इन पांच तत्वों में जल भी एक तत्व है और जल के रूप में हम गंगा माता की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है की गंगा दशहरा के पावन अवसर पर गंगा का पदुर्भाव पृथ्वी पर हुई। इसी उपलक्ष्य में गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा की इस पावन अवसर पर जल संचयन एवं संग्रहण तथा संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। आरोग्य प्रभारी राजदेव यादव ने जीवन में आयुर्वेद के महत्व की जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति ने की। मौके पर प्रियंका देवी, सुनैना देवी, किरण देवी, सुनीता देवी, रेनू देवी, आरती देवी, संगीता देवी, शीला देवी आदि लोग मौजूद थे।

## सिविल सेवा प्रीलिम्स एग्जाम का रिजल्ट जारी

### चाणक्य आईएएस एकेडमी के कई अभ्यर्थी सफल, खुशी की लहर

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



हजारीबाग। यूपीएससी ने सोमवार को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के नतीजे जारी कर दिए। नतीजे जारी होने के बाद चाणक्य आईएएस एकेडमी के अभ्यर्थियों में खुशी की लहर है। बता दें कि झारखंड के रांची, हजारीबाग और धनबाद शाखा से संस्थान से अच्छी संख्या में अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल कर पहला पड़ाव पार कर लिया है। इस मौके सफल अभ्यर्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उचित मार्गदर्शन, विषय विशेषज्ञ शिक्षकों, डिजिटल बोर्ड युक्त स्मार्ट कक्षाएं, आधुनिक लाइब्रेरी, पढ़ाई को लेकर अनुकूल वातावरण, स्पेशल डाउट क्लासेज के साथ साथ तमाम आधुनिक और जरूरी सुविधाएं चाणक्य आईएएस एकेडमी में प्राप्त हुई, जो हमलोगों के सफलता का आधार बना। साथ ही सफल अभ्यर्थियों ने चाणक्य आईएएस एकेडमी में उपाध्यक्ष विनय मिश्रा सर समेत संस्थान के पूरे मैनेजमेंट का धन्यवाद किया। वहीं चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि मेंस की तैयारी के लिए भी चाणक्य आईएएस एकेडमी के धनबाद, हजारीबाग व रांची के शाखाओं में राजधानी दिल्ली में पढ़ाने वाले विषय विशेषज्ञों से ही कक्षाएं संचालित कराई जाएगी। साथ ही देश की राजधानी में मिलने वाली तमाम सु. विधाएं अभ्यर्थियों को झारखंड के रांची, धनबाद और हजारीबाग शाखाओं में उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि यहां के अभ्यर्थी भी अपनी प्रतिभा को पंख देकर मंजिल की ओर तेजी से उड़ान भर सके।

## बोलेरो ने मवेशियों को रौंदा, तीन की मौत, मुखिया व बीडीओ ने दिया मदद का भरोसा

**अपेम लाइव : लातेहार**



बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी गांव में पेट्रोल पंप के पास रविवार की देर रात बोलेरो ने पांच मवेशियों को रौंद दिया। इस घटना में तीन मवेशी की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी मवेशी तेतर यादव के बताये जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही केचकी पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह अपने सहयोगी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर भैंस मालिक को सांत्वना देते हुए जल्द मुवाआजा दिलाने का भरोसा दिलाया।वहीं थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। उन्होंने बताया कि महुआडांड़ की ओर से एक बोलेरो आ रही थी। जिसमे बाराती सवार थे और सभी नशे में थे। बोलेरो चालक ने पेट्रोल पंप के पास मवेशियों के झुंड को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। जिससे एक मवेशी बोलेरो में फंस गयी। जिसे स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। साथ ही बोलेरो चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बीडीओ राकेश सहाय ने पीड़ित से मुलाकात कर सरकारी प्रावधानों के अनुसार मुआवजा देने का भरोसा दिलाया।

## बड़कागांव पुलिस ने तीन अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जप्त

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव : देशभर सहित राज्य के सभी हिस्सों में बालू खनन को लेकर एनजीटी व पर्यावरण मंत्रालय द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी के नियम प्रभावी होने से नदियों से बालू का उठाव व निकासी पुर्ण रुप से प्रतिबंध है। इसके बावजूद रोजाना नदियों से अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर कारोबार किया जा रहा है। जिसे लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बड़ी कारवाई की है।छापेमारी में बड़कागांव थाना क्षेत्र के भगवानबागी से पुलिस द्वारा तीन अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया। कारवाई के लिए खनन विभाग को प्रेषित करने की प्रक्रिया जारी थी। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि एनजीटी के नियम प्रभावी है और 10 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव पुर्णतः गैर कानूनी है। कानून का उल्लंघन करने वाले पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी किसी को बख्शा नहीं जाएगा।






दिनांक: 12-06-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 03

## सतवहीया बिरहोर कॉलोनी में बन रहे मकान का औचक निरीक्षण

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव : कांडतरी पंचायत अंतर्गत सतवहीया बिरहोर मोहल्ला में बन रहे कल्याण विभाग द्वारा आवास के निरीक्षण हेतु कांडतरी पंचायत पूर्वी के पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार चौबे निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान हो रहे मकान ढलाई में लग रहे सीमेंट गिट्टी एवं बालू की मात्रा को देखा तथा उचित दिशा निर्देश दिया साथ ही वैसे मकान जिनका कार्य अभी अधूरा है उन लोगों से जल्द से जल्द मकान तैयार करने का आग्रह किया। वही मौके पर बिरहोर समाज के लोगों से बातचीत के दरमियान लोगों द्वारा कहा गया की आवास के साथ-साथ हमें खेती योग्य जमीन के लिए सरकार द्वारा पट्टा अगर मिले तो हम सब अच्छे कृषक बन सकते हैं । जिससे कि हमारे बच्चों का भविष्य दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर ना होकर एक किसान के रूप में आगे बढ़ सकेंगे साथ ही वैसे भी बच्चे जो कि पढ़ाई कर रहे हैं या जिनकी पढ़ाई पूरी हो चुकी है उनको सरकार के माध्यम से नौकरी दी जाए।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड परिसर में बिजली बिल सुध माफी योजना का लगा शिविर

### सुध माफी का लाभ लेने वालों को माला पहनाकर एक फुल देकर किया गया स्वागत

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**



कान्हाचट्टी : प्रखण्ड कार्यालय परिसर में मंगलवार को बिजली विभाग के द्वारा बिजली बिल सुध माफी योजना के शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बी डी ओ हुलास महतो एवं जमरि बक्सपुरा पंचायत के मुखिया आफताब हुसैन एवं जे ई अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से किया।इस शिविर में आकर सुध माफी कराने वाले बिजली कंज्यूमरों को गुलाब फूल एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।जे ई अशोक कुमार ने कहा कि सरकार वैसे बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ कर रही है जिनके पास अत्यधिक बिजली बिल था और जिनका ब्याज अधिक बढ़ गया था वैसे लाभुकों का बिजली बिल में जो सुध है उसे माफ किया जा रहा है।मौके पर बद्री दांगी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बसरिया में पूर्व विधायक ने प्रतिभावान बच्चो के प्रतिभा को किया सम्मानित

### आपकी सफलता, आपके लगातार मेहनत का परिणाम है : मनोज यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**



संगम इंटर कॉलेज बसरिया व सक्सेस पॉइन्ट बसरिया द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मैट्रिक व इंटर टॉपर बच्चो को समान्नित किया गया ।। बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सम्मिलित हुए। निदेशक प्रकाश रजक व शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान क०लेज के बच्चों ने दमदार सांस्कृतिक व बेटियों के शिक्षा पर भाषण दिया। कार्यक्रम को सबो. धित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि आपकी फलता आपके लगातार मेहनत का परिणाम है। पूर्व विधायक ने टॉपर बच्चो से कहा कि कहा कि ये सफलता क उड़ान की पहली शुरुवात है आपको अभी लंबी उड़ान भरनी है। कहा सपना देखना बुरी बात नही है, सपना के अनुरुप आपको परिश्रम करना पड़ेगा। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रकाश रजक ने बसरिया में शिक्षा का अलख जगा रहे है। टॉपर बच्चो को पूर्व विधायक ने एक एक फलीदार पौधा देकर उसका संरक्षण करने का बच्चो से वादा लिया। इस दौरान संगम इंटर कॉलेज से विज्ञान संकाय टॉपर सिखा कुमारी, विकास कुमार, साक्षी कुमारी कला संकाय में अंगिरा कुमारी, उमा कुमारी, अमित कुमार साथ ही सक्सेस पॉइंट बसरिया साक्षी कुमारी, विशाल कुमार, निखिल कुमार आदि को प्रस्सति पत्र , ट्रॉफी व एक एक फलीदार पौधा देकर समान्नित किया गया। मौके पर राष्ट्रपति पुरुस्कार से समान्नित शिक्षक डॉ बालेश्वर राम, जीप सदस्या आरती कौशल, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, पूर्व उप प्रमुख सीताराम यादव, पडरिया मुखिया पप्पू रजक, बसरिया के पूर्व मुखिया नरेश पासवान, शिक्षक संजय सिन्हा, चाँद भुइयाँ, रामसेवक यादव, शिवकुमार यादव, उपमुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, कपिल यादव, पिंटू सोनी, मधु यादव, विजय साव, जीप प्रतिनिधी सुधीर कौशल, बसंती देवी, नीलू देवी, मंटू सिंह, बिनोद सिंह, देवेंद्र राणा, सुरेश शर्मा, शिक्षक प्राचार्य राजू प्रसाद, गणेश कुमार, दिलीप कुमार, बबलू कुमार, सुजीत यादव आदि उपस्थित थे।

## ब्रह्म विद्या विहंगम योग ने किया साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में ब्रह्म विद्या विहंगम योग द्वारा सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता के अध्यक्षता के साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां कार ध्वनि, स्वागत गान, मंगलगान एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया। साथ ही ज्ञान गुदड़ी पाठ कैलाश प्रसाद केशरी, उद्घोष सिकंदर सिंह, स्वर्वेद पाठ गोपाल सिंह, भजन ममता देवी, यशोदा देवी, मंजू देवी, समुंद्री देवी एवं सिकंदर सिंह ने किया। साथ ही साथ अमृतवाणी, वंदना एवं आरती, शांतिपाठ सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर सिकंदर सिंह, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, कैलाश प्रसाद केशरी, ममता देवी, चमेली देवी, यशोदा देवी, अंजू देवी, विमला केशरी, समुंद्री देवी, रविंद्र सिंह, देवधारि प्रजापति, प्रमोद कुमार गुप्ता, राजू राम एवं सुनीता देवी सहित कई अन्य मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया जागरूकता रथ को रवाना

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : बिजली बिल ब्याज माफी योजना (एक) मुश्त समाधान योजना 2023) के तहत आम लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों एवं गाँवो में घुम-घूम कर आम लोगों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 के बारे में जागरूक करने का कार्य करेंगी।इस अवसर पर विद्युत कार्यपालक अभियंता शमशाद आलम ने बताया कि इस योजना के तहत 31 दिसंबर 2022 तक के बकाये बिजली बिल का एकमुश्त भुगतान करने पर ब्याज माफी का प्रावधान किया गया है। बिजली बिल ब्याज माफी का भुगतान पांच आसान किश्तों में करने की सुविधा दी जा रही हैं। यह बिजली बिल माफी योजना 30 जून तक लागू है. मौके पर उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप व कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार के अलावा बिजली विभाग के कई कर्मी मौजूद रहे।

## लातेहार में नप चुनाव की तैयारियां शुरू, बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : आगामी नगर पंचायत चुनाव को लेकर सभी 19 बूथों में बिखंडीकरण कार्य को लेकर पंचायती राज पदाधिकारी बजरंगी प्रसाद द्वारा आज प्रखंड सभागार में सभी बीएलओ ,पर्यवेक्षकों व अन्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद सभी कर्मी अपने अपने वार्ड में जाकर धरातल पर उक्त कार्य को आगामी दो दिनों में करते हुए प्रखंड निर्वाचन कार्यालय में जमा करेंगे उसके बाद समेकित रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को भेज दिया जाएगा।इस प्रशिक्षण में भाग लेने वालो में अतुल कुमार,पवन यादव, रॉबर्ट टोपनो, अमेरिका प्रसाद ,सुशील तिवारी, मीना देवी, मोहन प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद ,मीना देवी, ज्ञान प्रभा मिंज, रेनू देवी ,उषा जायसवाल, का. लिंदी कुमारी ,सुनीता देवी, कुंती कुमारी, मनोरमा कुमारी ,नीलेश कुमार, सोपान सिंह, अनुपम मिश्र ,अमित कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## बरवाडीह के कार्तिकेयन ने महाराष्ट्र एमएचटी दृ सीईटी लाए में 99.19 प्रतिशत

**अपेम लाइव : लातेहार**



बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह बभन्डीह के रेलवे सेवानिवृत्ति स्वर्गीय बबन सिंह नाती कार्तिकेयन राजन कुमार ने महाराष्ट्र एमएचटी दृ सीईटी के परीक्षा में 99.19 प्रतिशत अंक लाकर बरवाडीह समेत जिले का नाम रोशन किया।कार्तिकेयन राजन कुमार जो मूल निवासी बभंडी (बरवाडीह ) का है ,उनके पिता महाराष्ट्र मेडिकल कंपनी में कार्यरत है जो पिछले 22 साल से महाराष्ट्र के कोल्हापुर में रहते आ रहे है और इनके बच्चे की शिक्षा वही से कर रहे है। कार्तिकेयन जो बी टेक के तैयारी कर रहे है उनका महाराष्ट्र स्टेट के सीईटी का एग्जाम में सफलता पूर्वक 99.19 प्रतिशत स्कोर कर के महाराष्ट्र और अपने बरवाडीह का नाम रोशन किया। कार्तिकेयन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता पूरे परिवार और शिक्षक को दिया है उनका कहना है कि आज जो सफलता मुझे हासिल हुई है इन सभी के प्यार और आशिर्वाद से हुई है। कार्तिकेयन के सफलता से जो हौसला बुलंद है वही मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, छोटू राजा, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, पिता राजन कुमार ,चाचा केशव सिंह, राजीव रंजन, शशि शेखर ,भाई आदित्य समेत अन्य लोगो ने बधाई दी है साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एमएस महाबोधि इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया का हुआ शुभारंभ

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जिला मुख्यालय के पानी टंकी के नजदीक आईडीबीआई बैंक के समीप सोमवार को एमएस महाबोधी इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का शुभारंभ किया गया। इंस्टीट्यूट उद्घाटन पूर्व जिप सदस्य महेश सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व पुरोहित त्रिभुवन पांडे द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर संचालक कौशल्या कुमारी ने बताया कि कंप्यूटर बेसिक सर्टिफिकेट कोर्स, डाटा एंट्री वर्क सर्टिफिकेट कोर्स, डीटीपी वर्क सर्टिफिकेट कोर्स समेत विभिन्न प्रकार के कोर्स कराए जायेंगे।मौके पर जेई अंकित कुमार, शमशाद आलम, राजदेव मेहता, रविंद्र कुमार, छोटन यादव, रेखा देवी, लियाकत अंसारी,अमरावती देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बाजार के मुख्य सड़क के किनारे नाली के गंदा पानी के बहाव से राहगीर परेशान

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ बाजार मुख्य सड़क के किनारे नाली की अभी तक साफ-सफाई नही कराई गई है।जबकि बरसात एकदम नजदीक आ गया है और बारिश कभी शुरू हो सकती है। नाली की सफाई नही होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर बहेगा। इससे दुकानदारो सहित राहगीरों को काफी परेशानी होगी। नाली में कूड़ा-करकट भर गया है। नाली को ऊपर से कई लोग ढंक दिए हैं। इससे नाली जाम भी हो गया है। पूर्व में जब बारिश हुई थी तो बारिश का सारा पानी सड़क पर ही बहता था। पूर्व से ही नाली की स्थिति खराब हो गई है। पहले दो-तीन बार नाली की सा -सफाई भी हुई थी,लेकिन ठीक ढंग से सफाई नही होने से कोई फायदा नहीं हुआ। बिरसा चौक के समीप रोड में घर का पानी एवम् नाली का पानी बहता है जो कि सरकार लाखो रुपया खर्चा कर नाली का निर्माण करवाती है आने जाने वाले काफी होते है परेशान।

## अदाणी फॉउंडेशन के द्वारा प्याऊ सेंटर का किया गया शुभारंभ

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव : अदाणी फॉउंडेशन के द्वारा तपती गर्मी में आम लोगों की सुविधा के लिए बड़कागांव प्रखंड के तीन प्रमुख समुदायिक स्थानों पर प्याऊ सेंटर का शुरुआत किया गया है। तीनों सेंटर पर एक-एक व्यक्ति को भी आम जनों को पानी पिलाने के लिए तैनात किया गया है। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से ब्लॉक परिसर के समीप, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में और बड़कागांव थाना गेट के पास प्याऊ सेंटर का शुरुआत की गई है। इन जगहों पर प्याऊ सेंटर का शुभारंभ होने से आम लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए काफी सहूलियत मिली है।




Bibek Maji (Director)
Mob : 7488175500

Kuldeep Pd. Rajak (Director)
Mob : 9934576931

SKY VIEW INTERNATIONAL SCHOOL

An English Medium co-educational School
Based on CBSE Curriculum

Hostel Facility for Boys & Girls
Preperation for Admission in Sainik School, Navodaya & Netarhat etc.

Titirchanch, Tilaiya Dam Road, Koderma
Mob # 7070493844

## जेएसएलपीएस के द्वारा महिला समूह को दिया गया सात दिवसीय प्रशिक्षण

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के बैनर तले जेएसएलपीएस के द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बड़कागांव सूर्य मंदिर सभागार भवन किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत वीओ कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीआई अनोज कुमार एवं मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि रंजीत कुमार ने कहा कि जेएसएलपीएस के द्वारा जो प्रशिक्षण दिया गया उसे लेकर आप अपने संगठन को अच्छी तरह से चलाएं एवं आगे चलकर आप लोग दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने। मौके पर मुख्य रूप से सीआई अनोज कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, पीआरपी धीरंजन रजवार, सीसी कोसर नियाजी, सीआरपी बैसाखी देवी, आरती देवी, ग्राम संगठन के अध्यक्ष पूजा कुमारी, सचिव बेबी कुमारी, कोषाध्यक्ष निशा देवी, लेखापाल रूपाली देवी, प्रतिमा कुमारी, एकम रूपाली कुमारी, बैंक शक्ति निशा कुमारी, प्रमिला कुमारी, सुलेखा कुमारी, मनिता देवी, सुमित्रा कुमारी के अलावा दर्जनों महिला सदस्य उपस्थित थे।

## 50% अनुदान पर किसानों के बीच उन्नत किस्म के बीज का वितरण किया गया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**




बड़कागांव : झारखंड सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को बीज वितरण करने का स्कीम लागू किया गया है। इसी के आलोक में आत्मनिर्भर बड़कागांव सर्विसेज प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड होरम मोड बड़कागांव बीज केंद्र में फीता काटकर किसानों के बीच बीज वितरण जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी के हाथो शुभारंभ किया गया। इस दौरान किसानों को धान मक्का मूंगफली का बीज वितरण किया गया। इस अवसर पर उपप्रमुख बचनदेव कुमार, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, मुखिया सुलेखा कुमारी, निदेशक सनित कुमार महतो, विजय कुमार, दिनेश्वर कुमार महतो, कमलनाथ महतो, किसान प्रकाश कुमार, टिकेश्वर महतो, धनु देवी, मंजू देवी, राजेंद्र राणा, नारायण महतो, राजू महतो, मिथिलेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। ज्ञात हो कि उक्त कंपनी में जिस किसान का रजिस्ट्रेशन होगा उन्हीं किसानों के बीच बीज वितरण किया जाएगा। कंपनी के निदेशक सनीत कुमार ने बताया कि तत्काल में रजिस्ट्रेशन कराकर बीज प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 3- 4 वैरायटी का धान सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया है।

## सिंधवारी पंचायत में खराब पड़े चापाकल का मरम्मत कार्य शुरू

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव : सिंधवारी पंचायत में भीषण गर्मी के कारण क्षेत्र में जलाशयों से लेकर पीने के लिए पानी की घोर किल्लत हो गई है। जिसे लेकर सिंदुआरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य निर्मल राम के नेतृत्व में पंचायत में बंद खराब पड़े चापा नलों की मरम्मत कार्य शुरू की गई है। ताकि पंचायत में पेयजल की समस्या से लोगों की निजात मिल सके। इस संबंध में पंचायत समिति सदस्य निर्मल राम ने कहा कि पंचायत में दर्जनों चापाकल खराब पड़ा हुआ है। विभाग से संपर्क साध कर मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। पंचायत के कई चापाकल को मरम्मत कर पानी चालू कराया गया है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र एनटीपीसी का पोषक क्षेत्र होने के कारण सरकारी योजनाओं के लिए एनओसी नहीं मिलने के कारण लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। अन्य सरकारी लाभ से भी ग्रामीण वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीसीएल की तरह एनटीपीसी को भी एनओसी देकर लोगों को लाभ दिलाने की अनुमति मिलनी चाहिए।







